भारत और बेल्ज़ियम लक्ज़मबर्ग आर्थिक संघ

drishtiias.com/hindi/printpdf/india-and-belgium-luxembourg-economic-union

चर्चा में क्यों?

17 सितंबर, 2019 को **भारत और बेल्ज़ियम लक्ज़मबर्ग आर्थिक संघ** (Belgium Luxembourg Economic Union - BLEU) के बीच संयुक्त आर्थिक आयोग (Joint Economic Commission-JEC) का **16वाँ** सत्र **नई दिल्ली** में आयोजित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- भारत और BLEU ने द्विपक्षीय आर्थिक तथा व्यापार संबंधों की दिशा में JEC के महत्व को दोहराया है।
- तीनो देशों ने परिवहन तथा लॉजिस्टिक, नवीकरणीय ऊर्जा, एयरोस्पेस तथा सेटेलाइट ऑडियो और विजुअल उद्योग, कृषि और खाद्य उद्योग, जीवन विज्ञान, पारंपरिक औषधि, आयुर्वेद, योग तथा पर्यटन जैसे पारस्परिक हित के विषयों पर संवाद और सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।
- एक दूसरे के बाज़ारों में पहुँच के लिये तीनों देशों की कई कंपनियों ने इच्छा जाहिर की और बैठक में तीनों देशों के बीच पारस्परिक हित के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिये समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किये गए।

भारत तथा BLEU के बीच व्यापारिक संबंधों का महत्त्व

पिछले कुछ वर्षों में भारत तथा BLEU के बीच वाणिज्यिक आदान-प्रदान में में वृद्धि हुई है जैसे-

- वर्ष 2018-19 में भारत-बेल्ज़ियम तथा भारत-लक्ज़मबर्ग के बीच द्विपक्षीय व्यापार क्रमश: 17.2 बिलियन डॉलर तथा 161.98 मिलियन डॉलर का रहा और इसमें वर्ष 2017-18 की तुलना में क्रमश: 41 प्रतिशत और 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- अप्रैल 2000 से जून 2019 के बीच बेल्ज़ियम और लक्जमबर्ग से संचित प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह क्रमश: लगभग 1.87 बिलियन और 2.84 बिलियन रहा।

भारत-बेल्ज़ियम संबंध

- भारत, बेल्ज़ियम का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात स्थल है और यूरोपीय संघ के बाहर चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।
- बेल्ज़ियम से भारत को जवाहरात और आभूषण (अपरिष्कृत हीरा), रसायन तथा रासायनिक उत्पाद और मशीन तथा मशीनी उत्पादों का निर्यात होता है।

- भारत में बेल्ज़ियम की लगभग 160 कंपनियाँ कार्यरत हैं।
- सूचना तथा सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों जैसे- TCS, इंफोसिस, टेक महिंद्रा और HCL ने बेल्ज़ियम और यूरोपीय बाज़ारों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिये बेल्ज़ियम को ही अपना आधार बनाया है।

पृष्ठभूमि

- भारत और बेल्ज़ियम-लक्ज़मबर्ग आर्थिक संघ के संयुक्त आर्थिक आयोग की स्थापना वर्ष 1997 में की गई थी और यह आयोग द्विपक्षीय आर्थिक और वाणिज्यिक विषयों के लिये प्रमुख मंच है।
- वर्ष 1990 में नई दिल्ली में हुए समझौते के आधार पर संयुक्त आर्थिक आयोग की बैठक बुलाई जाती है।
- यह द्विवार्षिक आयोजन वैकल्पिक रूप से तीनों देशों की राजधानियों में आयोजित की जाती है।
- JEC भारत और BLEU के बीच आर्थिक तथा वाणिज्यिक विषयों पर चर्चा का मंच है।

स्रोत: पी.आई.बी